प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



ईरान में एक युग का अंत! पेज- 2

इलाज कराने जा रही अधेड़ महिला की मौत पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 72 | सोमवार 02 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## नागपुर हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख

### -किया पीड़ित परिवारों के लिए 2 लाख रुपये मदद का ऐलान

(एजेंसी) नई दिल्ली। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह कटोल तहसील के राउलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी नामक विस्फोटक निर्माण कंपनी में हुए भीषण विस्फोट में 17 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल बताए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने इस घटना पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। पीएम मोदी ने कहा, ष्महाराष्ट्र के नागपुर में एक फैक्ट्री में हुआ धमाका बहुत दुखद है। मरने वालों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के जल्दी ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। लोकल एडमिनिस्ट्रेशन प्रभावित लोगों की मदद कर रहा है। पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से प्रत्येक मृतक के परिवार को 2



लाख रुपये की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ष्नागपुर जिले के कटोल तहसील के राउलगांव में मौजूद एसबीएल एनर्जी एम्युनिशन बनाने वाली कंपनी में हुए बड़े धमाके में 17 मजदूरों की मौत की घटना बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। मरने वाले मजदूरों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द ठीक हो जाएं। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, नागपुर जिले के राउलगांव में एक एक्सप्लोसिव फैक्ट्री में धमाके की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। मैं लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के लगातार संपर्क में हूं। डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर और सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी मौके पर हैं। पेसो (पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन) और डिश (औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय) की टीमें पहुंच गई हैं। राहत का काम तेज कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा, अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मैं मरने वालों को दिल से श्रद्धांजलि देता हूं। हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं। इस घटना में 18 लोग घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत नागपुर शिफ्ट कर दिया गया है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी सेहत जल्द ठीक हो जाए। इस घटना की पूरी जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुचे सीएम योगी, विकास परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा

(एजेंसी) वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। पुलिस लाइन से सड़क मार्ग द्वारा वे सर्किट हाउस पहुंचे। कुछ ही देर में वह विकास परियोजनाओं



को लेकर आला अधिकारियों, मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। देर शाम को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर में दर्शन–पूजन भी करेंगे। दोपहर ढाई बजे के करीब मुख्यमंत्री डोमरी में हुए पौधारोपण अभियान का प्रस्तुतीकरण देखेंगे तथा प्रमाण–पत्र वितरित करेंगे। उसके बाद पांडेयपुर में निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए रूट डायवर्जन किया गया है। मैदागिन से गोदौलिया तथा गोदौलिया से विश्वनाथ धाम मार्ग नो व्हीकल जोन रहेगा। वीवीआईपी आगमन और प्रस्थान को देखते हुए कचहरी चौराहा से सर्किट हाउस, पुलिस लाइन, जेपी मेहता चौराहा पर भी डायवर्जन लागू किया गया है।

## केजरीवाल बोले-कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा

### हमें खत्म करने के लिए मोदी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे

(एजेंसी) नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि आप को खत्म करने के लिए



मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। उन्होंने इसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया। बीजेपी नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और बीजेपी के लिए करारा जवाब है। आप को खत्म करने के लिए खुद प्रधानमंत्री इस केस की निगरानी कर रहे थे। आईआईटी से पढ़ाई के बाद मैं अमेरिका जा सकते थे, लेकिन देश सेवा के लिए भारत में ही रहा। इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंमे रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मेरे खिलाफ कई जांच कराई गईं, लेकिन कुछ साबित नहीं हुआ। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने 12 साल में देश को अच्छी सड़कें, पानी और बेहतर व्यवस्था नहीं दी। रेलवे, एयरलाइंस, बैंक और शिक्षा व्यवस्था खराब हो गई है।

## मोदी सरकार की विदेश नीति बहुत कमजोर

### भारत के प्रति दुनिया के रुख में बदलाव दिख रहा : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल और देशहित के विपरीत बताते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की स्थिति कमजोर हुई है इसलिए इसमें पुनर्विचार की जरूरत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण भारत के प्रति दुनिया के रुख में बदलाव दिख रहा है और अमेरिका का रुख भारत की तुलना में पाकिस्तान की तरफ नरम है जिसे विफल विदेश नीति का परिणाम कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख पाकिस्तान के प्रति नरम है और यही कारण है कि श्री ट्रम्प पहलगाम आतंकवादी



हमलों की पृष्ठभूमि से जुड़े व्यक्ति की सार्वजनिक सराहना कर रहे हैं। उनका कहना था कि अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की कार्रवाई का समर्थन किया है। राष्ट्रपति ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को आयात शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर श्ऑपरेशन सिंदूरश रुकवाया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उनके अनुसार, अभियान रोकने की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी। भारत–अमेरिका व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गत 2 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने इसकी घोषणा की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मामला उठाया लेकिन मुद्दों से ध्यान हटाने की सरकार ने कोशिश की। बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने श्री ट्रंप की आयात शुल्क नीति को अवैध करार दिया। कांग्रेस ने अमेरिका के साथ समझौते को एकतरफा बताया और कहा कि भारत ने आयात को उदार बनाने की प्रतिबद्धता जताई लेकिन अमेरिका ने इसका कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर भी सरकार ने स्थिति स्पष्ट नहीं की। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की इजरायल यात्रा और 19 जून 2020 को चीन पर दिए गए बयान ने भारत की स्थिति कमजोर की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की विदेश नीति की दिशा और शैली पर पुनर्विचार की जरूरत है।

## इजरायली हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत

### वैश्विक महायुद्ध की आहट के बीच गमगीन हुआ बाराबंकी का किंतूर गांव, यहीं से जुड़ी हैं पुश्तैनी जड़ें

(एजेंसी) बाराबंकी। ईरान और इजरायल के बीच छिड़े भीषण युद्ध और मध्य पूर्व में जारी महायुद्ध जैसे हालातों के बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने पूरी दुनिया के साथ–साथ उत्तर प्रदेश के बाराबंकी को भी हिला कर रख दिया है। इजरायली हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की पुष्टि के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव चरम पर है। इस बीच बाराबंकी जिले की सिरौली गौसपुर तहसील के किंतूर गांव में सन्नाटा पसर गया है क्योंकि खामेनेई का पुश्तैनी ताल्लुक इसी गांव की मिट्टी से था। युद्ध की विभीषिका के बीच अपने एक रक्त संबंध के इस तरह अंत की खबर ने ग्रामीणों को गहरे शोक में डुबो दिया है। जानकारी के मुताबिक, ईरान में इस्लामिक क्रांति के सबसे बड़े चेहरे अयातुल्लाह खामेनेई के दादा, सैयद अहमद मुसावी हिंदी, 18वीं–19वीं सदी के दौरान बाराबंकी के इसी किंतूर गांव में रहते थे। अपनी जड़ों को सम्मान देने के लिए ही उनके परिवार ने अपने नाम के साथ हिंदी उपनाम जोड़ा था। किंतूर गांव के लोग आज भी उन ऐतिहासिक दस्तावेजों और पुश्तैनी घरों को गर्व से देखते हैं, जहां से खामेनेई का परिवार निकलकर ईरान के सर्वोच्च सिंहासन तक पहुंचा। इजरायल द्वारा किए गए घातक हवाई हमले और मिसाइल



वर्षा के बीच खामेनेई की मौत की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया के जरिए गांव पहुंची, लोग अपने टीवी और मोबाइल से चिपक गए। युद्ध की इस आग ने जहां वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है वहीं किंतूर की गलियों में लोग अपनी जुबान में इस ऐतिहासिक क्षति पर चर्चा कर रहे हैं। गांव में रह रहे उनके वंशज सैय्यद निहाल मियां से जब इस घटना के बारे में बात की गई तो उन्होंने बहुत ही गमगीन और नम आंखों से कहा कि यह पूरी दुनिया के लिए बहुत ही दुखद घटना है। वह ऐसे इंसान थे जिन्हें मजहब और मिल्लत से ऊपर उठकर केवल इंसानियत से सरोकार था। उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि अमेरिका और इजरायल सिर्फ अपना वर्चस्व चाहते हैं और पूरी दुनिया पर हुकूमत करने की कोशिश में हैं। वहीं, डॉ. रेहान काजमी ने बताया कि इजरायली हमले में हमारे रहबर अयातुल्लाह खामेनेई की शहादत से हम लोगों में गम का माहौल है। यह ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई कर पाना नामुमकिन है, क्योंकि उन्होंने पूरी दुनिया को इंसानियत का पैगाम दिया था।

## गोकुल में गोपियों ने पुलिसवालों पर बरसाई छड़ियां, दुल्हन की तरह सजकर खेली छड़ीमार होली

(एजेंसी) मथुरा। ब्रज में चारों ओर होली की धूम है। गोकुल में रविवार को छड़ीमार होली खेली गई। दुल्हन की तरह सजी महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के बाल स्वरूप को रंग लगाया। घूंघट में गोपियों ने भगवान पर गोटेदार कपड़ों से लिपटी छड़ियां बरसाईं। गोपियों ने बड़ी संख्या में पहुंचे विदेशी सैलानियों पर भी दनादन छड़ियां बरसाईं। पुलिसवालों को भी नहीं छोड़ा। उन्हें देखकर लोग चिल्लाते हुए बोल रहे थे– और मारो, और मारो। बलदेव विधानसभा के बीजेपी विधायक पूरन प्रकाश ने राधा–कृष्ण बने कलाकारों संग डांस किया। इससे पहले, नंदभवन से दोपहर 12.30 बजे भगवान श्रीकृष्ण का डोला निकला। इस पर कन्हैया और बलराम के बाल स्वरूप सवार थे। लोग रंग–गुलाल उड़ाते हुए डोले के आगे–पीछे चलते दिखे। रास्ते में जगह–जगह यात्रा का स्वागत किया गया। फूल, रंग और अबीर बरसाए गए। चौराहों पर बड़े–बड़े स्टेज तैयार किए गए। उन पर महिलाएं सज–धजकर डांस करते दिखीं। गलियों में होली के गीत और 'जय राधे, जय कृष्णा' के भजन गूंजते रहे। इससे पहले, नंदगांव में गुरुवार (26 फरवरी) को लट्ठमार होली खेली गई थी। सजी–धजी राधारानी की सखियों ने बरसाना से आए हुरियारों पर लट्ठ बरसाए थे। बुधवार (25 फरवरी) को बरसाना में लट्ठमार होली खेली गई थी। तब नंदगांव से गए श्रीकृष्ण के सखाओं पर बरसाना की सखियों ने जमकर लाठी बरसाई थीं। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव में लट्ठमार होली होती है। लेकिन गोकुल में छड़ीमार होली का प्रचलन सदियों पुराना है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहां बाल लीलाएं की थीं। लोगों को मारने के लिए जो छड़ी तैयार की जाती है, उस पर गोटेदार कपड़ा लपेटा जाता है। इससे भगवान श्रीकृष्ण–बलराम को चोट नहीं लगती है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने नागपुर में कारखाना विस्फोट में लोगों की मौतों पर शोक व्यक्त किया


(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर में एक कारखाने में हुए विस्फोट में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह नागपुर जिले के राउलगांव में विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में हुए



विस्फोट में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नागपुर, महाराष्ट्र में एक फैक्टरी में हुए विस्फोट में लोगों की मौत के समाचार से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। मैं प्रियजनों को खोने वाले शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## श्री काशी विश्वनाथ धाम में खेली जाएगी फूलों की होली

(एजेंसी) वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर के शंकराचार्य चौक में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए 'पुष्प होली' का आयोजन किया जाएगा। धाम के सभागार में होली उत्सव की तैयारियों को लेकर आला अधिकारियों, सीआरपीएफ, निजी सुरक्षा एजेंसियों तथा धाम में कार्यरत निजी सफाई एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली पर्व के दिन पुष्प वर्षा के माध्यम से भक्तजन आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में होली उत्सव में भाग ले सकेंगे। धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया कि श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं आध्यात्मिक माहौल में होली का आनंद प्राप्त हो। कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि इसके अलावा 4 मार्च को होली पर्व की गरिमा बनाए रखते हुए कलाकारों द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी। इनमें भजन, होली गीत एवं पारंपरिक नृत्य शामिल रहेंगे। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में पर्व का आनंद प्रदान करना है। सुरक्षा के मद्देनजर धाम परिसर में पर्याप्त पुलिस बल एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। सीआरपीएफ तथा निजी सुरक्षा एजेंसियों के माध्यम से प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से भी निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए निजी सफाई एजेंसी द्वारा लगातार सफाई का प्रबंध किया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से विशेष अनुरोध किया है कि वे धाम में केमिकल युक्त रंग, अबीर या किसी भी हानिकारक पदार्थ



को साथ न लाएँ। धाम की पवित्रता, स्वच्छता एवं संरचना की सुरक्षा के दृष्टिगत केवल पुष्प होली के माध्यम से ही उत्सव मनाया जाए।

# सम्पादकीय

## राज्यसभा चुनाव और तेजस्वी यादव

राज्य सभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में भी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि तेजस्वी यादव विधानसभा स्थित अपने चेंबर में गठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं और विधायकों से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, तेजस्वी यादव सहयोगी दलों के साथ मिलकर राज्य सभा चुनाव के लिए उम्मीदवार उतारने की रणनीति तैयार कर रहे हैं। इस दौरान वे महागठबंधन के संख्या बल का भी आकलन कर रहे हैं, ताकि साझा उम्मीदवार के पक्ष में मजबूत स्थिति बनाई जा सके। बैठक में कांग्रेस और वाम दलों के विधायकों से भी चर्चा की जा रही है। बताया जा रहा है कि महागठबंधन की ओर से साझा उम्मीदवार उतारने पर सहमति बनती दिख रही है। वहीं सूत्रों का कहना है किराष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव बिहार से राज्यसभा के लिए विपक्षी खेमे से संभावित उम्मीदवार हो सकते हैं। राज्यसभा के लिए बिहार में पांच सीटों के लिए चुनाव होने हैं। बिहार विधानसभा में विधायकों की संख्या के आधार पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन को चार सीटें आराम से मिल सकती है। वहीं महागठबंधन को यदि पूरे विपक्ष ने समर्थन दिया तो उनका एक उम्मीदवार जीत सकता है। यानी पांचवीं सीट पर कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को इस पांचवीं राजसभा सीट से संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के तौर पर उतारा जा सकता है। बिहार में एक राज्यसभा सीट के लिए 41 विधायक चाहिए और पूरे विपक्ष को जोड़ने पर आंकडा 41 का ही आता है। बिहार विधानसभा में महागठबंधन के पास कुल 35 विधायक हैं। जिसमें आरजेडी के 25, कांग्रेस के 6, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के 2 जबकि सीपीआई और आईआईपी के एक–एक विधायक हैं। अगर महागठबंधन को एआईएमआईएम के 5 और बसपा के एक विधायक का समर्थन मिलता है, तो एक उम्मीदवार को जीत सकता है। एनडीए चाहे तो पांचवा उम्मीदवार भी उतार सकती है। क्योंकि उसके पास 38 वोट बचे रहें जाएंगे। भाजपा के दो और जदयू के दो उम्मीदवार का जीतना तय है। एनडीए के राज्यसभा की पांचवीं सीट जीतने के लिए तीन और वोटों की जरूरत है। जिसके लिए उसे विपक्षी दलों के विधायकों से क्रॉस वोटिंग करवानी पड़ेगी। बता दें कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहते अभी तक बिहार में राज्यसभा चुनाव में कभी क्रॉस वोटिंग देखने को नहीं मिली है। जहां तक तेजस्वी यादव का सवाल है तो तेजस्वी यादव अभी वैशाली जिले के राघोपुर से विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वहीं उनकी बहन राजश्री उनकी जगह राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सकती हैं।



नफीस जाफरी

## बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा के समीप रविवार की सुबह प्राइवेट में बस की चपेट में आ जाने से 54 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी शिवभजन का पुत्र रामकरन बाइक से बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अर्न्तगत जबरापुर निमंत्रण में गया था। रविवार की सुबह 8 बजे गांव वापस आते समय बाइक जैसे ही जोनिहा के पास पहुंची तभी तेज रतार प्राइवेट ने टक्कर मार दिया। जिससे अधेड की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेजते हुये बस को अपने कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# ईरान में एक युग का अंत!



गुलफिशा खान

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। जिस वक्त ये हमला हुआ उस वक्त खामेनेई अपने घर में ही मीटिंग कर रहे थे। इजरायल और अमेरिका ने खुफिया जानकारी के बाद ये हमला किया था। इसके साथ ही ईरान में 36 साल से चले आ रहे शासन का अंत हो गया। वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल और अमेरिका ने खामेनेई के ठिकाने पर 30 से ज्यादा बमों से हमला बोला था। इस हमले में के बाद ईरानी लीडर का कंपाउंड पूरी तरह ध्वस्त हो गए। वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई के परिसर में इराजयल और अमेरिका ने करीब 30 बम गिराए थे। सैटेलाइट तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि हमले से पहले कंपाउंड बिल्कुल ठीक दिख रहा है। लेकिन हमे के बाद कंपाउंड पूरी तरह ध्वस्त दिख रहा है। गौरतलब है कि इजरायल ने शुक्रवार की सुबह में अचानक ईरान पर हमला कर दिया था। पहले इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने खामेनेई को मार दिया है। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनोल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रूथ पर एक पोस्ट लिखकर खामेनेई के मारे जाना की बात कही। कुछ देर बाद ही ईरान की सरकारी मीडिया ने भी खामेनेई के शहीद होने की पुष्टि की। जहां तक खामेनेई का सवाल है तो खामेनेई पिछले काफी सालों से अमेरिका खासकर ट्रंप को चुनौती दे रहे थे। पिछले साल अमेरिका ने ईरान के कथित परमाणु ठिकानों पर बी–2 बॉम्बर से हमला किया था। इस हमले में ट्रंप ने उस पूरे परिसर को ध्वस्त करने का दावा किया था। हालांकि, इसके बाद भी खामेनेई ने ट्रंप को धमकी दी थी। विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बार इजरायल को खामेनेई के उनके कंपाउंड में होने की पूरी जानकारी मिल गई थी। इसके बाद उनसे यहां हमला किया था। पिछले कई दशकों में इजरायल और अमेरिका का ईरान में ये बेहद खतरनाक हमला था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पिछले 36 सालों से देश की हुकूमत चला रहे थे। वो ईरान, जो दुनिया का सबसे ताकतवर शिया मुल्क है और वहां खामेनेई की तूती



बोलती थी, लेकिन जैसा कि उल्लेखनीय है कि अमेरिका–इजरायल के हमले में उनकी मौत हो गई। एक तरफ कहा जाता है कि खामेनेई का राजधानी तेहरान में उनका एक साधारण घर था और अन्य सुप्रीम लीडर या शासकों की तरह कोई निजी महल नहीं था। उनकी जीवनी लिखने वालों का दावा है कि खामेनेई के घर का फर्नीचर और कालीन भी सालों पुराने हैं। दावा तो यहां तक है कि खामेनेई निजी खर्चों के लिए भी सरकारी खजाने के बजाय धार्मिक दान (खूम्स) पर निर्भर थे। अयातुल्ला अली खामेनेई को भाषाओं और साहित्य का गहरा शौक था। फारसी के साथ–साथ अरबी और उर्दू भी बखूबी जानते थे। उन्हें उर्दू शायरी में भारत से ताल्लुक रखने वाले अल्लामा इकबाल बहुत पसंद थे। मुशायरों में अक्सर शायरों और लेखकों के साथ उनकी निजी बैठकें होती थीं। खामेनेई को चाय और सिगार का बहुत शौक था। हालांकि सेहत के चलते कुछ वक्त उन्होंने सिगार पीना छोड़ दिया था। उनके पास चश्मों और छड़ियों का बहुत बड़ा कलेक्शन भी था। अयातुल्ला अली खामेनेई के परिवार में पत्नी के अलावा 4 बेटे और दो बेटियां हैं। लेकिन सबसे प्रभावशाली उनके बेटे मोज्तबा खामेनेई हैं। उनके परिवार के सदस्यों के पास अरबों डॉलर का निवेश विदेशी बैंकों और सोने/हीरे के रूप में सुरक्षित होने का दावा है। 86 वर्ष की आयु में भी खामेनेई काफी फिट थे। सुबह बहुत जल्दी उठने वाले खामेनेई को कोई बड़ी बीमारी नहीं थी। 1981 के एक बम विस्फोट में उनका दाहिना हाथ लकवाग्रस्त हो गया था, जिसके बाद से वे अपने सभी काम बाएं हाथ से करते हैं। वो हाथ में एक तिलिस्मी रत्न पहनते थे, जो सीलोन (श्रीलंका) का गोमेद रत्न बताया जाता है। इस्लामिक रवायतों और उसूलों के पक्षधर खामेनेई नई पीढ़ी की टेक्नोलॉजी में भी माहिर थे। उनके सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर कई भाषाओं में सक्रिय हैं। खामेनेई की मौत पर ईरानी सेना इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का बयान भी सामने आ गया है। उन्होंने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है। और हम उनके शोक में बैठे हैं, जो अपनी रूह की पवित्रता, ईमान की ताकत, मामलों में दूरदर्शिता, अत्याचारियों के सामने साहस और अल्लाह की राह में जिहाद के मामले में अपने युग में अद्वितीय थे। हालांकि, उनकी शहादत हमें और ताकतवर बनाएगी। हम खामेनेई की मौत का बदला लेंगे। जो अल्लाह की राह में मारे गए हों, उन्हें मुर्दा न समझो, बल्कि वे अपने रब के पास जीवित हैं। वही इधर, ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किये गए हमले की आलोचना की है। खामेनेई के कत्ल पर भड़के ओवैसी ने कहा कि ट्रंप और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले बेहद निंदनीय हैं, खासकर रमजान के पाक महीने में जब जिनेवा में ईरान–अमेरिका के बीच वार्ता चल रही थी। ओवैसी ने कहा, 'सबसे पहली बात तो यह है कि ट्रंप ने और बेंजामिन नेतन्याहू ने रमजान के मुबारक महीने में जब दुनिया भर के मुसलमान रमजान में रोजा रखते हैं, इबादत करते हैं, ऐसे समय ईरान पर हमला किया है। इन्होंने ये भी नहीं देखा कि ये मुबारक महीना रमजान का है। ईरान के ऊपर हुए हमले की हम मजम्मत करते हैं। और खासतौर से तब, जब जिनेवा में बातचीत के जरिए से एक ब्रेक थ्रू हुआ था। हो सकता था कि अगर वो बातचीत को मान लेते, तो जितने न्यूक्लियस स्टॉकपाइल्स थे ईरान के पास, वो शायद इस्तेमाल नहीं होते।'

# प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' से हुई एक नई शुरूआत!



शबाब हुसैन

नवनिर्मित प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में बीते दिनों मोदी कैबिनेट की पहली बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय कैबिनेट ने कई बड़े फैसले लिए। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा, हमने ऐसे भारत का सपना देखा, जो सोच में स्वदेशी हो और स्वरूप जिसका आधुनिक हो। इस परिसर में लिया गया हर निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से लिया जाएगा। कैबिनेट ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा रेलवे के कई प्रोजेक्ट, श्रीनगर में नए एकी.त हवाई अड्डा टर्मिनल, अहमदाबाद मेट्रो सहित 8 बड़े फैसले लिए गए। यहां यह बताते चलें कि नए प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्रियों के जुटने का सिलसिला शुरू के साथ ही मंत्रियों में भी पहली कैबिनेट बैठक को लेकर ख़ासा उत्साह देखने को मिल रहा। नए प्रधानमंत्री कार्यालय में कैबिनेट बैठक हॉल ग्राउंड लोर पर ही बनाया गया है। ग्यारह बजने से पहले सभी मंत्री अपनी जगह ले लेते हैं। यह नया हॉल साउथ ब्लॉक के कैबिनेट रूम की तुलना में काफ़ी बड़ा है। अगली पंक्ति में ही सभी मंत्रियों के बैठने की जगह है। प्रधानमंत्री के दोनों प्रिंसिपल सेक्रेटरी पीके मिश्रा व शक्तिकांत दास और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की भी जगह नियत है। ग्यारह बजते ही प्रधानमंत्री कैबिनेट कक्ष में प्रवेश करते हैं। चेहरे पर मुस्कान और चाल में तेज़ी। उनके आते ही सभी मंत्री उनका अभिवादन करते हैं। नई इमारत में पहली बार मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बैठते ही सभी मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी अपना स्थान ले लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। सेवा तीर्थ में पहली बार कैबिनेट की बैठक हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों से कहा कि हमें सेवा का संकल्प लेना है। यहां से यह संदेश जाए कि हम सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों से यह भी कि कहा कि रिफॉर्म को लेकर वे अपने सुझाव दें। इसके बाद सेवा संकल्प प्रस्ताव पारित किया गया। सभी कैबिनेट मंत्रियों ने इसका समर्थन किया। इसमें कहा गया है कि "इस परिसर में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा। यह स्थान सत्ता के प्रदर्शन का नहीं, वरन् प्रत्येक भारतवासी के सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा।" ये भी कहा गया– "यहां से चलने वाली प्रत्येक फाइल, और यहां कार्य करने वाला प्रत्येक कर्मयोगी, इस भाव से प्रेरित होगा कि उसका कार्य देश के अंतिम




व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने से जुड़ा है।" इसमें 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प भी लिया गया। सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट में काफ़ी देर तक अनौपचारिक चर्चा भी हुई। पिछले कुछ समय से मंत्रियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने मंत्रालय से जुड़ी कोई गुड न्यूज़ कैबिनेट में साझा करें। यह गुड न्यूज़ मंत्रालयों के कामकाज से जुड़ी हो सकती है, जो आम लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला रही हो। गुड न्यूज़ में व्यक्तिगत समाचार भी हो सकता है। कैबिनेट की बैठक के बाद कुछ मंत्रियों ने नए प्रधानमंत्री कार्यालय का दौरा भी किया। इस भवन के अलग–अलग पहलुओं के बारे में जानने की उनमें उत्सुकता दिखी। साउथ ब्लॉक की तुलना में यहां अधिकारियों के रूम भी काफ़ी बड़े हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि सेवा तीर्थ में मंत्रिमंडल की बैठक के हॉल के साथ ही मंत्रिपरिषद की बैठक के लिए भी अलग बड़ा हॉल बनाया गया है। अभी तक मंत्रिपरिषद की बैठकें अलग–अलग जगहों जैसे सुषमा स्वराज भवन, भारत मंडपम आदि में होती आई हैं। बताया गया कि आगे से मंत्रिपरिषद और मंत्रिमंडल की अधिकांश बैठकें सेवा तीर्थ में ही होंगी। इससे मंत्रियों को आने–जाने में भी आसानी रहेगी। 'सेवा तीर्थ' का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसने अलग–अलग जगहों पर बिखरे हुए महत्वपूर्ण विभागों को एक छत के नीचे ला खड़ा किया है। अब इस परिसर में प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय तीनों एक ही जगह आ गए हैं। गौरतलब है कि नया सेवा तीर्थ परिसर 4–स्टार मानकों के अनुरूप बनाया गया है। इसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और आधुनिक अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। नया कार्यालय पूरी तरह से डिजिटल रूप से एकी.त हैं। यह 'पेपरलेस' और कुशल कामकाज को बढ़ावा देते हैं। इसी परिसर में अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों के लिए 'इंडिया हाउस' नामक एक उच्च–तकनीकी क्षेत्र भी बनाया जा रहा है।

# भारत की सतरंगी संस्कृति का पर्व

समीर

रंगों और मस्ती का उत्सव होली आती है तो प्रकृति भी इस समय खिल जाती है और मन भी। देश के अलग–अलग हिस्सों में इससे जुड़ी रोचक परंपराएं हैं। होली का उल्लेख प्राचीन मंदिरों, लोक कथाओं और पौराणिक ग्रंथों में भी है। इसके साथ खान–पान, संगीत, दस्तकारी और लोक कलाओं की रिवायतें जुड़ी हैं। होली के रंग अमीर–गरीब का भेद व वैर–भाव भुलाकर सभी को बराबरी पर लाते हैं। यह पर्व सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। होली रंगों का त्योहार है, पर केवल रंग उड़ाने या मौज मस्ती तक सीमित नहीं है। अवध के इलाके में परंपरा है कि होली के बाद सब एक–दूसरे के गले मिलते हैं। यह क्रम करीब एक पखवाड़े तक चलता है। हरेक परिवार अपने पड़ोस के हरेक घर में होली मिलने जाता है। पड़ोसी उनके घर आते हैं। यह क्रम करीब एक पखवाड़े तक चलता है। ऐसी परंपराएं होली को सामाजिक मेलजोल का सबसे बड़ा त्योहार बनाती हैं। पूरे देश में ऐसा ही कुछ किसी न किसी रूप में और किसी न किसी परंपरा के साथ होता है। यह कई दिन चलने वाली गतिविधि है, जो चार महीनों की ठंडक के कारण उपजी निष्क्रियता को तोड़ने का काम करती है। पूरे देश के अलग–अलग हिस्सों में इससे जुड़ी रोचक परंपराएं हैं, जो केवल रंग बिखेरने से ही नहीं जुड़ी है। इसके साथ खान–पान, संगीत, दस्तकारी और लोक कलाओं की जबर्दस्त परंपराएं जुड़ी हुई हैं। होली के रंग ऊंच–नीच, अमीर–गरीब, जाति और धर्म के बंधनों को तोड़कर, वैर–भाव भूलकर सभी को समान धरातल पर लाते हैं। यह पर्व सामाजिक सद्भाव और दोस्ताना समाज की स्थापना करता है। वसंत पंचमी से ही फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। प्रकृति भी इस समय खिली हुई होती है। सरसों के पीले फूल धरती को रंग देते हैं। गेहूं की बालियां निकल आती हैं। आम पर बौर फूलने लगते हैं। किसान खुश होकर गीत गाते हैं। यह त्योहार सभी पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाता है, जाति, पंथ और उम्र की बाधाओं को पार करते हुए एकता और समुदाय की भावना को बढ़ावा देता है। क्षमा और मेल–मिलाप को प्रोत्साहित करता है। खुशी की बेलाग अभिव्यक्ति और कड़वाहटों को भुला देने का दिन। जब हम इसके इतिहास पर जाते हैं, तब पता लगता है कि यह देश के सबसे पुराने त्योहारों में से एक है। इतिहासकारों के अनुसार आर्यों में इस पर्व का प्रचलन था। विंध्य क्षेत्र के रामगढ़ से प्राप्त ईसा से 300 वर्ष पुराने एक अभिलेख में होली मनाए जाने का उल्लेख मिलता है। जैमिनी के पूर्व मीमांसा–सूत्र और कथा गृह्य–सूत्र, नारद पुराण और भविष्य पुराण में भी इसका उल्लेख मिलता है। सातवीं शताब्दी के राजा हर्ष ने अपनी रचना 'रत्नावली' में होलिकोत्सव का उल्लेख किया है। ग्यारहवीं सदी में फारस से आए विद्वान अल–बिरूनी ने भी अपनी पुस्तकों में होली मनाने का उल्लेख किया है। मध्ययुग में देश में जब मुस्लिम आबादी भी बढ़ी, तब भी यह केवल हिंदू आबादी तक सीमित पर्व नहीं रहा। उर्दू के सैकड़ों शायरों ने होली को रूपक बनाकर रचनाएं लिखी हैं। नजीर अकबराबादी की नज़्म है, जब फागुन रंग झमकते हों तब देख बहारें होली की और दफ के शोर खड़कते हों तब देख बहारें होली की पिचकारियों के रंग दमकते हों तब देख बहारें होली की खुम, शीशे, जाम, झलकते हों तब देख बहारें होली की। विभाजन की तमाम तल्खियों के बावजूद आज भी पाकिस्तान में होली खेली जाती है, कट्टरपंथियों और सरकार के भारी विरोध के बावजूद। मुगल पेंटिंगों में होली के दृश्य मिलेंगे। इसे 'ईद–ए–गुलाबी' या 'आब–ए–पाशी' कहा जाता था। इन पेंटिंगों में बादशाहों, बेगमों और दरबारी महिलाओं को रंग, पिचकारी और संगीत के साथ उत्सव मनाते हुए देखा जा सकता है। ये मिनिएचर पेंटिंग 18वीं सदी के दौरान, विशेषकर मुहम्मद शाह और बहादुर शाह जफर के समय में, बहुत प्रसिद्ध हुईं। अवध के नवाब, विशेषकर वाजिद अली शाह, गंगा–जमुनी तहजीब के तहत धूमधाम से होली मनाते थे। वे गुलाल, इत्र और चांदी की पिचकारियों से रंग खेलते थे और ठुमरी गाते थे। होली की जीवंत कल्पना प्राचीन मंदिरों की दीवारों पर भी मिलती है। हम्पी के एक मंदिर के 16वीं सदी के पैनल में एक शाही जोड़े के साथ रंगीन पानी में सराबोर होली का आनंददायक दृश्य दर्शाया गया है। इसी तरह, 16वीं सदी की अहमदनगर पेंटिंग वसंत रागिनी के सार को दर्शाती है, जिसमें एक शाही जोड़े को कुछ युवतियों और जीवंत रंगों के बीच संगीत का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। मध्यकालीन भारतीय मंदिरों में कई पेंटिंग और भित्ति चित्र हैं जो होली का दृश्य वर्णन प्रदान करते हैं। होली का उल्लेख किंवदंतियों, लोक कथाओं और पौराणिक कथाओं में मिलता है। वह बुराई पर अच्छाई की विजय और भक्ति की जीत का प्रतीक भी है। सबसे प्रमुख किंवदंती राक्षस राजा हिरण्यकश्यप के इर्द–गिर्द घूमती है, जो प्रजा से केवल अपने प्रति पूर्ण–भक्ति चाहता था। उनका अपना पुत्र प्रह्लाद ही ईश्वर का प्रबल भक्त बन गया, तो क्रोधित राजा ने अपनी बहन होलिका को प्रह्लाद के साथ धधकती आग में प्रवेश करने का आदेश दिया। होलिका के पास वरदान था जो उसे आग से बचाता था। प्रह्लाद की अटूट भक्ति ने उसे बचा लिया, जबकि होलिका को इसकी कीमत चुकानी पड़ी। भगवान कृष्ण की कथा भी होली के साथ जुड़ी हुई है, क्योंकि उन्होंने अपनी प्रिय राधा और अन्य गोपियों को रंग लगाकर खेलने की परंपरा शुरू की थी। इस परंपरा ने लोकप्रियता हासिल की और होली समारोह का एक अभिन्न अंग बन गई। आज भी ब्रज की होली का रंग ही निराला है। एक है 'लट्ठमार होली',जिसे त्योहार के एक सप्ताह पहले से मनाया जाता है। बरसाना, मथुरा और वृंदावन की अपनी–अपनी परंपराएं हैं। होली की अपनी संगीत परंपरा है। अक्सर होली गीतों में आप राधा–कृष्ण की होली का वर्णन सुनेंगे। ब्रज क्षेत्र गीत–संगीत के मामले में प्राचीन काल से ही धनी रहा है। सोलहवीं सदी के आसपास के समय में, जिसे भक्तिकाल कहते हैं अनेक वैष्णव संत संगीतज्ञ भी हुए हैं। स्वामी हरिदास, उनके गुरु आशुधीर और उनके शिष्य तानसेन आदि प्रसिद्ध हैं। बैजूबावरा भी इसी इलाके से थे। हिंदी–साहित्य के रीति कालीन कवियों ने और वैष्णव संप्रदाय के भक्त कवियों ने राधाकृष्ण की होली–लीला का वर्णन अपने छंदों और पदों में किया है। बल्लभ कुल के अष्टछाप कवियों ने होली का रसयुक्त वर्णन किया है। इनमें संगीतज्ञ कवि सूरदास, नन्ददास, परमानन्द दास जैसे कीर्तनकार, कवि और गायक हुए। स्वामी हरिदास ने ध्रुपद धमार की गायकी के अलावा ब्रज–संगीत और रास–नृत्य की परम्परा चलाई। कहते हैं कि यहां सबसे पहले बल्लभाचार्य ने स्वामी हरदेव के सहयोग से विश्रांत घाट पर रास किया। रास मूलतः कृष्णलीला है। इसमें होली भी शामिल है। मथुरा, वृन्दावन, गोकुल और गोवर्धन लंबे समय तक संगीत के केंद्र बने रहे और यहां दूर–दूर से लोग संगीत कला सीखने आते रहे। अलग–अलग राज्यों में होली को अलग–अलग नामों से जाना जाता है और अलग–अलग तरीकों से मनाया जाता है रू पंजाब में होला मोहल्ला, बिहार में फगुवा, आंध्र में मेदुरू होली, महाराष्ट्र में रंग पंचमी, गोवा और कोंकण में शिग्मो, गुजरात में गोविंद होली, बंगाल और ओडिशा में डोल पूर्णिमा, कर्नाटक में कामना हब्बा, केरल में मंजुल कुली और उक्कुली, असम में फकुवा और मणिपुर में याओसांग। ऊपर हमने बरसाने की लट्ठमार होली का विवरण दिया है। वहीं वृंदावन में फूलों की होली खेली जाती है। राधा–कृष्ण के दिव्य प्रेम से प्रेरित, यहां के उत्सवों में मंदिर भक्तों पर सुगंधित फूलों की पंखुड़ियां बरसाते हैं, जिससे एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव होता है। बंगाल के शांतिनिकेतन में होली को बसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता है जहां छात्र पीले कपड़े पहनते हैं, रवींद्रनाथ ठाकुर की रचनाओं को संगीतबद्ध कर गाते हैं और नृत्य, संगीत और कविता के साथ वसंत का स्वागत करते हैं। पंजाब के आनंदपुर साहिब में इस अवसर पर होला मोहल्ला तीन दिनों के वार्षिक मेले के रूप में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत गुरु गोबिंद सिंह ने 18वीं सदी में की थी। बंगाल में इसे 'डोल यात्रा' के रूप में जाना जाता है, और यह उत्सव भगवान कृष्ण को समर्पित है। इसमें राधा और भगवान कृष्ण की मूर्तियों को पालकी में रख गायन और नृत्य के साथ जुलूस निकाला जाता है। रास्ते में भक्तों पर रंग और पानी छिड़का जाता है। बंगाल और उड़ीसा में, होली पूर्णिमा को श्री चौतन्य महाप्रभु (1486–1533 ई.) के जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है।मणिपुर में, इस त्योहार के दौरान 'यावोल शांग' नामक 5 दिवसीय उत्सव होता है। इसे भगवान पाकहंगबा के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है, और प्रत्येक दिन के अपने रीति–रिवाज और परंपराएं होती हैं। रंग और पानी से खेलने का उत्सव आखिरी दो दिन होता है। दक्षिण भारत में होली उत्तर भारत से कुछ अलग, पर अपनी अनोखी सांस्कृतिक परंपराओं के साथ मनाई जाती है। यहां होली कामदेव की कहानी पर आधारित है, जिसे तमिलनाडु और आंध्र में कामदहनमया कमुडु प्यत्ती,कर्नाटक में कामना हब्बा और केरल में मंजुल कुलीया उकुली नाम से जाना जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत और कामदेव के बलिदान की याद में आयोजित की जाती है। यह रंगभरी नहीं होती, जितनी उत्तर में होती है, पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाने के लिए अलाव जलाए जाते हैं। रंग, नृत्य और गायन के अलावा, एक चीज जो इस त्योहार के दौरान सभी समुदायों को एक साथ लाती है, वह है खान–पान। लोग एक–दूसरे के घरों पर मिलने जाते हैं। उनका स्वागत व्यंजनों से होता है। इस त्योहार का समय दिन के बढ़ते तापमान के साथ मेल खाता है, जिसमें ठंडाई जैसा शीतल पेय बहुत पसंद किया जाता है। वहीं कुरकुरे–करारे खोल और नरम मीठे खोया और मेवा भरी गुझिया होली की लोकप्रिय मिठाई है। गुझिया के भी देश में कई रंग और रूप हैं। महाराष्ट्र में इसे करंजी, बिहार में पेड़किया या पुड़किया, और गुजरात में घुघरा के नाम से भी जाना जाता है। दक्षिण भारत में इसी गुझिया को मुख्य रूप से कज्जिकयालु (आंध्र प्रदेश/तेलंगाना में) और सोमासी या सोमास (तमिलनाडु में) कहा जाता है। वहीं कर्नाटक में इसे करजिकायी के नाम से भी जाना जाता है। कुछ घरों में इसे सूजी से बनाते हैं, और कुछ लोग मैदे से बनाते हैं। कहीं यह चाशनी में लिपटी होती हैं, तो कहीं सादी होती है। इसके अलावा मालपुआ, होली के व्यंजनों को संपूर्णता प्रदान करता है। इनके साथ होते हैं दही बड़े। पूरन पोली महाराष्ट्र होली समारोह का अभिन्न अंग है।

# घर जमाई निकला मास्टरमाइंड, सराफ के घर-दुकान से करोड़ों की चोरी का खुलासा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। सराफा व्यापारी के घर और दुकान में हुई करोड़ों की चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए घर जमाई समेत चार आरोपियों को गिरतार कर लिया है। आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में सोना–चांदी और नकदी बरामद हुई है। एएसपी देहात प्रकाश कुमार ने बताया कि मोहल्ला डाकखाना जनूबी निवासी व्यापारी संतोष कुमार वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनके अनुसार, दामाद नवीन चौहान को घर जमाई के रूप में रखा गया था। आरोप है कि बुधवार रात नवीन ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर परिवार को बेहोश कर दिया और करीब 400 ग्राम पुश्तैनी सोना, 500 ग्राम दुकान का सोना, 40 किलो चांदी व एक लाख रुपये नकद चोरी कर फरार हो गया। चोरी गए माल की कीमत लगभग दो करोड़ रुपये बताई गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नवीन चौहान, उसके भाई कुनाल, दोस्त शिवम चौहान और चोरी का माल खरीदने वाले सराफ शिवम सैनी को गिरतार कर लिया। इनके कब्जे से सोना, करीब 23 किलो चांदी, 2.80 लाख रुपये नकद, एक सोने का बिस्कुट व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। पूछताछ में सामने आया कि संपत्ति को लेकर विवाद के चलते चोरी की साजिश रची गई थी। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# मधु इंडिया डेको लिमिटेड में मजदूरों के हक पर डाका या रसूखदारों की ढाल?

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। प्रदेश की सियासत में जीरो टॉलरेंस का नारा गूंज रहा है, लेकिन जिले की सरहदों पर एक ऐसी दरी फैक्ट्री खड़ी है, जिसके कारनामों ने शासन और प्रशासन की मंशा पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। मधु इंडिया डेको लिमिटेड यह महज एक नाम नहीं, बल्कि पिछले 30 सालों से ग्रामीण मजदूरों के शोषण और सिस्टम की कथित मिलीभगत की एक अनसुलझी दास्तां बन चुका है। इस फैक्ट्री की नींव 18 जून 1991 को रखी गई। यह वह दौर था जब उत्तर प्रदेश में सत्ता का हस्तांतरण हो रहा था। जनता दल के पतन और भाजपा (कल्याण सिंह सरकार) के उदय के बीच इस मिल का पंजीकरण हुआ। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मुलायम शासन के दौर में फली–फूली इस फैक्ट्री को हर सरकार में श्अ.श्य संरक्षणश मिला। बड़ा सवालरू आखिर क्या वजह है कि सरकारें बदलीं, मुख्यमंत्री बदले, लेकिन इस दरी मिल के खिलाफ उठने वाली हर आवाज फाइल के नीचे ही दफन हो गई? उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद, एक उत्पाद के तहत सीतापुर की दरी को वैश्विक पहचान दिलाने का दावा किया जाता है। लेकिन अटरिया–हीरपुर के जमीनी हालात कुछ और ही बयां करते हैं न्यूनतम मजदूरी का अभावरू दावों के विपरीत, मजदूरों को आज भी सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है। आरोप है कि श्रमिकों का पंजीकरण कागजों पर तो है, लेकिन असलियत में उन्हें सामाजिक सुरक्षा का कोई लाभ नहीं मिल रहा। सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर फैक्ट्री अपनी तिजोरियां तो भर रही है, लेकिन पसीना बहाने वाला मजदूर आज भी खाली हाथ है। जहाँ पूरा प्रदेश होली के जश्न में डूबा है, वहीं हीरपुर के दैनिक मजदूरों के घरों में मायूसी है। स्थानीय संगठनों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण



फैक्ट्रियां श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ा रही हैं। न तो जिला प्रशासन संज्ञान ले रहा है और न ही श्रम विभाग की कुंभकर्णी नींद टूट रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के लिए मधु इंडिया डेको लिमिटेड एक बड़ी चुनौती बन गया है। जनता पूछ रही है क्या श्रम विभाग ने कभी औचक निरीक्षण किया? क्या भूमि आवंटन और निर्यात सब्सिडी की कभी निष्पक्ष जांच हुई? क्या यह फैक्ट्री कानून से ऊपर है? निर्णायक कार्रवाई की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अब सीधे तौर पर प्रदेश सरकार से आर–पार की लड़ाई का मन बना लिया है। मांग है कि उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन हो। राजस्व, श्रम और उद्योग विभाग की संयुक्त रेड डाली जाए। वर्षों से शोषित मजदूरों को ब्याज सहित मुआवजा दिया जाए।

# वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। गांव सीकरी बुजुर्ग के पास आम के बाग में कई दिनों से ग्रामीणों को दिखाई दे रहा गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार की मौजूदगी से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ था और ग्रामीण लगातार वन विभाग से उसे पकड़ने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की टीम ने खेतों के पास स्थित आम के बाग में पिंजरा लगाया था। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह गुलदार बकरी का शिकार करने के प्रयास में पिंजरे के अंदर घुस गया और कैद हो गया। जैसे ही इसकी सूचना गांव में फैली, मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुलदार को रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई। अधिकारियों के अनुसार गुलदार को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गुलदार के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। पिछले कई दिनों से लोग बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल क्षेत्र में सतर्कता बरतें और किसी भी जंगली जानवर की सूचना तुरंत विभाग को दें।

# चंदक हेड के पास नहर में गिरी कार, बड़ा हादसा टला

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। समीपुर नहर पटरी पर शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। कोटद्वार से देहरादून की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर नहर की ओर पलट गई, लेकिन पेड़ों में फंस जाने से बड़ा नुकसान होने से बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार ब्रेजा संख्या यूके–07एफएम/7568 से चालक मनमोहन नेगी पुत्र मनहर सिंह, निवासी घुमाकुट, जिला पौड़ी गढ़वाल, 50 वर्ष एवं उनके साथ रविंद्र सिंह पुत्र ज्ञान सिंह 52 वर्ष यात्रा कर रहे थे। चंदक हेड के पास दोपहर लगभग 2.30 बजे चालक को नींद आ जाने के कारण वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर नहर की ओर पलट गया। गनीमत रही कि वाहन पास के पेड़ों में फंसकर रुक गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मंडावली राकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों कार सवार पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई है। क्षतिग्रस्त वाहन को हाइड्रा मशीन की सहायता से बाहर निकाला जाएगा। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि लंबी यात्रा के दौरान पर्याप्त विश्राम अवश्य करें और नींद आने की स्थिति में वाहन न चलाएं, जिससे ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# नजीबाबाद-जलालाबाद में दस दिन की तरावीह मुकम्मल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। मुकद्दस रमजान के महीने में नजीबाबाद, जलालाबाद और साहनपुर क्षेत्र में दस दिन की तरावीह मुकम्मल होने पर खास दुआओं का आयोजन किया गया। उलमा–ए–कराम ने पूरे महीने तरावीह जारी रखने और इबादत में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की नसीहत की। नगर के एमए पब्लिक स्कूल में मौलाना मोहम्मद अहमद ने कुरआन–ए–पाक की तिलावत की, जबकि मौलाना ओवैस ने सुना। तरावीह पूरी होने पर कांटों वाली मस्जिद के पेश इमाम मौलाना रईस और छीपियांन मस्जिद के मौलाना लियाकत हुसैन ने रमजान को गुनाहों की माफी और रहमत का महीना बताते हुए अमन–ओ–अमान की दुआ कराई। वहीं जलालाबाद के रॉयल गार्डन में आयोजित दस दिवसीय तरावीह में हाफिज मोहम्मद अशहद ने कुरआन सुनाया और कारी मोहम्मद आरिफ ने सुना। कुरआन मुकम्मल होने पर मौलाना एजाज ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# दधीचि कुंड पर भव्य सन्यासी पूजन सम्पन्न, देशभर से पहुंचे श्रद्धालु

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। तीर्थ नगरी नैमिष क्षेत्र स्थित पावन स्थल



दधीचि कुंड पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन्यासी पूजन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। प्रातःकाल से ही कुंड परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर–दराज के क्षेत्रों से आए भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर पूजन–अर्चन किया और संत–महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दधीचि कुंड के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजन एवं महाआरती के साथ किया गया। शंखध्वनि, घंटानाद और वैदिक ऋचाओं की गूंज से समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रधान पुजारी ने बताया कि सन्यासी पूजन की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य सनातन संस्ःति और संत परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। पूजन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित अन्य कई प्रांतों से आए यजमानों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने विधि–विधान से पूजन कर डंडी सन्यासियों का अभिनंदन किया। स्थानीय गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा संत–महात्माओं को अंगवस्त्र, प्रसाद और दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश देते हुए समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जलपान, बैठने की व्यवस्था एवं साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। सुरक्षा व्यवस्था भी चाक–चौबंद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सन्यासी पूजन के इस पावन अवसर पर हर–हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष से दधीचि कुंड परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का उत्साह और संतों का सान्निध्य इस आयोजन को और अधिक दिव्य एवं अविस्मरणीय बना गया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार भव्य रूप से सन्यासी पूजन का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि धार्मिक परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन होता।

# अग्निशमन विभाग अलर्ट, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। आगामी होली पर्व को लेकर अग्निशमन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। त्योहार के दौरान आगजनी की घटनाओं की आशंका को देखते हुए जनपद बिजनौर के सभी फायर स्टेशनों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। नजीबाबाद फायर स्टेशन प्रभारी केएस जादौन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार विभाग पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी के साथ त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि होली के दौरान होलिका दहन में लापरवाही बरतने से छोटी चिंगारी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। अग्निशमन विभाग ने होलिका दहन के लिए खुले स्थान का चयन करने, बिजली के तारों व ट्रांसफार्मर से दूरी रखने, अलाव से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, सूती वस्त्र पहनने तथा दहन स्थल पर पानी, रेत या अग्निशमन यंत्र उपलब्ध रखने की सलाह दी है। साथ ही प्लास्टिक, रबर, टायर या अन्य ज्वलनशील एवं प्रतिबंधित सामग्री आग में न डालने की हिदायत दी गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे होली का पर्व शांति और सतर्कता के साथ मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें, ताकि त्योहार हर्षोल्लास के साथ सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके।

# घर में घुसकर ननद-भाभी से बदसलूकी

## - विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट, गांव में तनाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर। जिले से महिलाओं की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा करने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात एक युवक ने घर में अकेली ननद और भाभी के साथ छेड़छाड़ की। जब महिलाओं ने साहस दिखाते हुए इसका विरोध किया, तो आरोपी और उसके परिजनों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात घर की दो महिलाएं (ननद और भाभी) घर में अकेली थीं। इसी का फायदा उठाकर गांव का ही निवासी जर्नादन पुत्र जगदीश जबरन घर में घुस गया। आरोप है कि जर्नादन ने महिलाओं के साथ अशोभनीय हरकतें शुरू कर दीं।



जब महिलाओं ने खुद को बचाने का प्रयास किया और शोर मचाया, तो आरोपी ने उनके कपड़े फाड़ने की कोशिश की और हिंसक हो गया। बीच–बचाव में हुआ खूनी संघर्ष चीख–पुकार सुनकर जहाँ पीड़ित महिलाओं के परिजन मौके पर पहुंचे, वहीं आरोपी जर्नादन के पक्ष से उसके भाई निर्मल, लवकुश और केशव भी वहां आ धमके। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर लात–घूंसे चले। इस मारपीट से पूरे मोहल्ले में अफरा–तफरी मच गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पीड़ित पक्ष का आरोपरू महिलाओं ने पुलिस को बताया कि जर्नादन के भाइयों ने भी उनके साथ मारपीट की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस की कार्रवाई घटना की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित पक्ष ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा। पुलिस का बयानरू प्रभारी निरीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि पीड़ित महिलाओं की तहरीर प्राप्त हो गई है। अगला कदमरू तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस आरोपियों की गिरतारी के लिए दबिश दे रही है और सख्त कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# फर्जीवाड़ा एक्सप्रेस पर ब्रेक : 13 और शिक्षक बर्खास्त, अब जेल जाने की तैयारी!

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग ने फर्जीवाड़े के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 सहायक अध्यापकों को बर्खास्त कर दिया है। ये सभी शिक्षक जाली टीईटी प्रमाण पत्रों के सहारे सरकारी सिस्टम की आंखों में धूल झोंककर नौकरी




हथियाए हुए थे। बेसिक शिक्षा अधिकारी की इस कड़क कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। जांच की गोपनीय रडार में फंसे शिक्षक यह पूरा मामला 12,460 शिक्षक भर्ती से जुड़ा है। साल 2024 में इस भर्ती के तहत जिले में लगभग 1100 शिक्षकों को तैनाती मिली थी। विभाग ने जब इनके दस्तावेजों की सर्जिकल स्ट्राइक (गोपनीय जांच) शुरू की, तो परत दर परत फर्जीवाड़ा खुलता चला गया। विभाग ने चरणबद्ध तरीके से जांच की। पहले और दूसरे चरण में पहले ही कई शिक्षक पकड़े जा चुके थे। हालिया गोपनीय जांच में 13 शिक्षकों के टीईटी सर्टिफिकेट फर्जी पाए गए। बीएसए द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी ये शिक्षक अपनी सफाई में कोई वैध सबूत पेश नहीं कर सके। इन ब्लॉकों में तैनात थे फर्जी गुरुजी बर्खास्तगी की गाज गिरने के बाद अब इन ब्लॉकों के स्कूलों में शिक्षकों की कुर्सियां खाली हो गई हैं। सकरन 06 शिक्षक पिसवां 03 शिक्षक हरगांव 02 शिक्षक मिश्रिख 01 शिक्षक बिसवां 01 शिक्षक विभाग में फर्जीवाड़ा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। इन 13 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है और अब इनके खिलाफ थ्प्त् दर्ज कराकर सख्त कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# एक्शन मोड में खाद्य विभाग, खोया मंडी में छापेमारी से मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। रंगों के त्योहार होली से पहले मिलावटखोरों की अब खैर नहीं आम जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ सुनिश्चित कराने के लिए सीतापुर के खाद्य विभाग ने कमर कस ली है। बीते 24 घंटों से विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों सहित लालबाग शहीद पार्क स्थित खोया मंडी में सघन चेकिंग अभियान चलाकर मिलावटखोरों की नींद उड़ा दी है। मंडी में मची अफरा–तफरी, नमूने सील जैसे ही खाद्य विभाग की टीम पुलिस बल के साथ खोया मंडी पहुंची, वहां विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। टीम की आहट पाते ही कई दुकानदार अपना माल समेटकर भागने की फिराक में दिखे, तो कहीं अफरा–तफरी का माहौल बन गया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने कई दुकानों और ठेलों पर रखे खोया की गुणवत्ता जांची। संदेह होने पर दर्जनों नमूने (सैंपल्स) संकलित कर प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। अधिकारियों ने साफ किया कि अगर रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि हुई, तो विक्रेताओं को बख्शा नहीं जाएगा। लाइसेंस रद्द और एफआईआर संभव अभियान का नेतृत्व कर रहे मुख्य खाद्य अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि त्योहारों पर खोया और दूध से बने उत्पादों की मांग का फायदा उठाकर कुछ लोग जनता की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा मिलावटखोरी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर भारी जुर्माने के साथ–साथ लाइसेंस निरस्तीकरण और एफआईआर जैसी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



विभाग की जनता से अपील खाद्य विभाग ने केवल दुकानदारों पर शिकंजा ही नहीं कसा, बल्कि आम नागरिकों को भी जागरूक किया है। केवल विश्वसनीय और लाइसेंस प्राप्त दुकानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें। यदि किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता पर संदेह हो, तो तुरंत विभाग को सूचित करें। विभाग ने संकेत दिए हैं कि यह चेकिंग अभियान होली तक लगातार जारी रहेगा ताकि शहरवासी सुरक्षित त्योहार मना सकें।

# बदहाली की स्थिति में जमानियां आदर्श नगर पालिका

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के आदर्श नगर पालिका परिषद जमानियां का हाल, बदहाल हो गया है। नगर पालिका परिषद जमानिया की नाली, नाला जाम व टूटा है, जो काम हुआ पूर्व के कार्यकाल का



काम हुआ है, नया काम में बड़ा काम हुआ है लेकिन नगर की सड़क, नाली, नाला टुटा है या जाम है छोटा, मोटा, नाली, सड़क, टूटा फूटा काम नही हो रहें। सभासद राज चौधरी, सचिन वर्मा और अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामनिवास प्रसाद ने आरोप लगाया है कि रमजान चल रहा है। होली आने वाली हैं लेकिन सड़क खराब है, नाली की सफाई नही हो रही है, सतुआनी घाट वाला रास्ता पूरी तरह जर जर है। कपूरा घाट पर जाने वाली रास्ता जहाँ मछली बिकती है नाला खुला है जिससे कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पाशा कटरा के सामने ईदगाह जाने वाली नाली भी जर्जर हो गया है, पाईप जो लगा है उसके दोनों तरफ खुला नाला दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। नगर पालिका प्रशासन कुभ करन की नीद सोया हुआ है। सिर्फ कहलाने के लिए आदर्श नगर पालिका है कही से भी आदर्श नहीं दिखता भगवन भरोसे चल रहा है।

# उमरी सलेमपुर में वर्षो पुराना होलिका दहन विवाद सुलझा

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। जनपद के हरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरी सलेमपुर से शांति और सौहार्द की एक सुखद तस्वीर सामने आई है। यहाँ पिछले कई वर्षों से होलिका दहन के स्थान को लेकर चला आ रहा गतिरोध रविवार को प्रशासनिक अधिकारियों की सूझबूझ से पूरी तरह समाप्त हो गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार गांव में होलिका दहन का पारंपरिक स्थल दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति के घर के बिल्कुल करीब था। इसी भौगोलिक स्थिति के कारण हर साल त्योहार के दौरान तनाव की स्थिति बन जाती थी। यह विवाद दशकों से गांव की सांप्रदायिक शांति के लिए चुनौती बना हुआ था। अधिकारियों ने संभाली कमान आगामी त्योहारों के मद्देनजर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने सक्रियता दिखाई। रविवार को भारी पुलिस बल के साथ आला अधिकारी मौके पर पहुँचे एसडीएम सदर सीओ सदर नेहा त्रिपाठी हरगांव थाना प्रभारी बलवंत शाही झरेखापुर



चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सरोज संवाद से निकला समाधान अधिकारियों ने दोनों पक्षों के प्रबुद्ध जनों और ग्रामीणों के साथ घंटों बातचीत की। प्रशासन ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों समुदायों को एक मेज पर बिठाया और आपसी सहमति से विवाद का निपटारा कराया। ष्प्रशासन का उद्देश्य शांति व्यवस्था बनाए रखना और त्योहारों के उत्साह को फीका न पड़ने देना है। ग्रामीणों ने सहयोग का परिचय दिया है और अब यहाँ विवाद जैसी कोई स्थिति नहीं है। प्रशासनिक अधिकारी इस सकारात्मक पहल से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। प्रशासन की इस सक्रियता की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है, क्योंकि अब उमरी सलेमपुर में होली का पर्व बिना किसी डर या तनाव के मनाया जा सकेगा।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में शामिल हुई महिला व्यापारी



न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन की अध्यक्षता में व्यापार मंडल की बैठक भरथना चौराहा स्थित शिवम रेस्टोरेंट पर आयोजित की गई। महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, महिला जिला महामंत्री वर्षा दुबे, लाईनपार अध्यक्ष अंजू यादव के नेतृत्व में शहर की महिला व्यापारियों ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (बंसल गुट) की सदस्यता ग्रहण की। संगठन का विस्तार करते हुए मनीषा तिवारी, गार्गी यादव को जिला उपाध्यक्ष, कल्पना को जिला मंत्री एवं रूबी शर्मा लाइनपार महामंत्री तनु वर्मा सोनी यवैष्णवी, श्रद्धा यादव, विजेता गोयल को मंत्री ममता शाक्य को सदस्य मनोनीत किया गया। युवा प्रदेश मंत्री पंकज कुशवाहा, युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह ने रवि कुशवाहा को युवा जिला मंत्री बनाया। अनुराग को युवा जिला सदस्य मनोनीत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान, लाईनपार प्रभारी आलोक गुप्ता कल्लू, नगर प्रभारी संजय वर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, लल्लू वारसी, जिला मंत्री यामीन रिंकू चौधरी, युवा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, युवा नगर मंत्री आकाश सोनी सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. शर्मा सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। चंद्रशेखर आजाद .षि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित .षि अभियांत्रिकी संकाय के पूर्व अधिष्ठाता डा० एनके शर्मा ने आईसीएएसआर (एनआरसी) न्यू दिल्ली निक्सी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एवं आईआईएमएम न्यू दिल्ली द्वारा स्पॉन्सर्ड एमएमएच महाविद्यालय गाजियाबाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में अक्षय ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन पर अपने प्रस्तुतिकरण



के माध्यम से सभी आगंतुकों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की बधाई देते हुए अवगत कराया कि भारत ने 31 अगस्त 2024 तक लगभग 198.96 गीगावॉट की नवीनीकरण ऊर्जा क्षमता स्थापित की है जिसमें सौर एवं पवन ऊर्जा प्रमुख है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि भारत 2030 तक 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म बिजली उत्सर्जन का लक्ष्य रखते हुए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर वैश्विक जलवायु लक्ष्यों में आगामी भूमिका निभाएगा। 01 मार्च को बीकानेर में आयोजित आरएससी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में डा० शर्मा ने अपने ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण के माध्यम से ही ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर चर्चा करते हुए शोधार्थियों को अवगत कराया कि ग्रीन टेक्नोलॉजी आने वाले समय में प्रमुख रूप से पर्यावरण संरक्षण, सीओ 2 उत्सर्जन में कमी एवं सतत् विकास को बढ़ावा देने में काफी सहायक सिद्ध होगी। अंत में डा० शर्मा को मोमेंटो एवं साइटेशन प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मनीष ने आल इंडिया पुलिस गेम शूटिंग चैंपियनशिप में जीता सोना

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। जनपद के जमानिया कस्बा निवासी और आशीष कुमार वर्मा के अनूज मनीष कुमार वर्मा ने 19 वीं आल इंडिया पुलिस राइफल प्रोन ओपन चैंपियनशिप में आईटीबीपी के शूटर मनीष ने 2 सोना पर निशाना मारा और जीते, जमानिया गाजीपुर का नाम रोशन किया। मनीष कुमार वर्मा के बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज है। आशीष कुमार वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी खेल के क्षेत्र में सोना जितना बड़ी उपलब्धि है। मनीष सोना पर निशाना मारा और जीता जिससे जिससे जनपद और प्रदेश के लिए गर्व की बात है लेकिन अभी आगे प्रयास यह रहेगा कि एशिया गेम और विश्व स्तर पर गोल्ड लाने का टारगेट रहेगा। इस उपलब्धि से नगर वासियों ने मनीष वर्मा को बधाई दी।




# ताइक्वांडो खिलाड़ियों का हुआ बेल्ट प्रमोशन टेस्ट

## - कोई भी हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाता : किशन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर की ओर से राज ताइक्वांडो एकेडमी आबूनगर में तेरह ताइक्वांडो खिलाड़ियों का ब्लैक बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया। सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने बेल्ट प्रमोशन में भाग लेकर उत.ष्ट प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो खिलाड़ियों में मनीषा राजपूत, प्रणव पाण्डेय, अनुभव प्रताप सिंह, कविश कुमार, अभय सिंह, आदर्श कुमार वर्मा, वत्सल श्रीवास्तव, मो अली, आयुषी यादव, इशिता सोनी, अमन पटेल, अक्षत त्रिपाठी, अंश साहू ने शानदार प्रदर्शन करते बेल्ट प्रमोशन प्राप्त किया। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने सभी दक्ष खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते कहा कि कोई भी हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाता। खेल का विकास व युवा पीढ़ी को सशक्त करना ही हमारा मूल उद्देश्य है। प्रतियोगिता का टेस्ट ताइक्वांडो प्रशिक्षक वकील अहमद, कोच राजकुमार, रिचा राजपूत, अंश यादव, शिव कुमार, भारत वर्मा उपस्थित रहे।



# ग्रामीण क्षेत्रो में नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। वैसे तो शहरी क्षेत्रों में इन दिनों पर्याप्त बिजली मिल रही है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों का हाल बुरा है। यहां पर दस से 12 घंटे की आपूर्ति ही हो पा रही है। उस पर भी यदि कहीं कोई फाल्ट आ जाए तो घंटो बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिससे ग्रामीणों में खासी नाराजगी दिखाई दे रही है। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली दिए जाने के दावे किए जाते हैं लेकिन इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में दस से 12 घंटे की आपूर्ति ही ग्रामीणों को मिल पा रही है। नतीजतन बोर्ड के परीक्षाओं के समय ग्रामीण परिवेश के छात्र–छात्राओं को खासी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन कहीं न कहीं फाल्ट हो जाने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, बताया कि कभी रोस्टिंग तो कभी फाल्ट के कारण परेशानियां कम नहीं हो पा रही। उस पर फाल्ट बनाने में लगने वाले समय के दौरान बाधित होने वाली आपूर्ति से ग्रामीणों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक्सईएन प्रथम रत्नेश जायसवाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार ही बिजली आपूर्ति की जा रही है यदि कहीं फाल्ट आ जाता है तो उसके बनने तक के लिए आपूर्ति बाधित होती है। कर्मचारियों द्वारा जल्द फाल्ट को दुरुस्त किए जाने का काम किया जाता है।

# मानवीय सवेदनाओं के साथ कर्तव्य का पाठ पढ़ा रहे टीएसआई

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। जनपद की सड़कों पर जब यातायात नियमों की बात आती है, तो एक चेहरा प्रमुखता से उभर कर सामने आता है यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह। मूल रूप से जनपद एटा के निवासी सूबेदार सिंह आज अपनी विशिष्ट कार्यशैली के कारण इटावा में एक नई पहचान बना चुके हैं। उनके सेवाभाव और बेहतरीन कार्यकुशलता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। बचपन से ही मेधावी रहे सूबेदार सिंह अपने माता–पिता के उन संस्कारों को अपनी ड्यूटी का आधार मानते हैं, जिनमें उन्हें सिखाया गया था कि यदि हम किसी को जीवन दे नहीं सकते, तो हमें किसी का जीवन लेने का भी अधिकार नहीं है। आज के दौर में सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण लापरवाही है। सूबेदार सिंह का मानना है कि देश के होनहार नवयुवक अक्सर बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाकर अपने जीवन को जोखिम में डालते हैं। वे इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं कि जब एक पिता अपने बच्चों को स्कूटी या बाइक पर बिना हेलमेट के बिठाकर चलता है, तो बच्चे वही गलत संस्कार सीखते हैं। भारत में पंजी.त वाहनों में लगभग 79 प्रतिशत संख्या दोपहिया वाहनों की है और अधिकांश दुर्घटनाएं हेलमेट न पहनने या सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं। अक्सर लोग सर दर्द या चश्मे जैसे बहाने बनाकर हेलमेट से बचने की कोशिश करते हैं, जो अंततः जानलेवा साबित होता है। सूबेदार सिंह की कार्यप्रणाली सख्त भी है और मानवीय भी। जहाँ एक ओर वे पहली और दूसरी गलती पर लोगों को समझाकर सुधार का मौका देते हैं, वहीं तीसरी बार नियम तोड़ने पर गाड़ी सीज करने या भारी चालान काटने जैसी सख्त कार्रवाई से पीछे नहीं हटते। सिफारिशों के दौर में भी उनका स्पष्ट कहना है कि कानून सबके लिए बराबर है और जीवन से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




विशेष रूप से बुलेट में पटाखे वाले साइलेंसर लगाने वालों के प्रति वे बेहद सख्त हैंय ऐसे वाहनों को सीधे सीज करने के निर्देश हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में टीएसआई सूबेदार सिंह आईटीएमएस प्रणाली का भी बखूबी उपयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि आप पुलिस की नजरों से एक बार बच सकते हैं, लेकिन सड़कों पर लगे कैमरों से नहीं बच पाएंगे। रील बनाने के चक्कर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले युवक–युवतियों को भी वे चेतावनी देते हैं कि ऐसी गलतियां उनके भविष्य पर भारी पड़ सकती हैं और उन्हें जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। यातायात पुलिस उपनिरीक्षक, कई महिला, पुरुष पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर वे शहर के हर चौराहे और गली में मुस्तैद हैं ताकि जनता सुरक्षित रहे। शराब पीकर वाहन चलाने वालों को वे भावुक अपील करते हुए समझाते हैं कि घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा हैय पैसा वापस आ सकता है, लेकिन कीमती जीवन नहीं।

# प्रेम कुमार शाक्य ने उठाई बाल सुरक्षा की आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। डिजिटल शिक्षा,



मोबाइल, इंटरनेट और एआई के तेजी से बढ़ते प्रभाव के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर पहल सामने आई है। समाजसेवी एवं बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रेम कुमार शाक्य ने बच्चों के लिए आयु एवं शैक्षणिक स्तर के अनुसार सुरक्षित शैक्षणिक डिवाइस विकसित किए जाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय स्तर पर ठोस नीति बनाए जाने की अपील की है। प्रेषित किए गए पत्र में प्रेम कुमार शाक्य ने उल्लेख किया है कि वर्तमान डिजिटल युग में शिक्षा तेजी से मोबाइल, इंटरनेट और एआई आधारित तकनीकों पर निर्भर होती जा रही है। इससे बच्चों को अध्ययन में नई सुविधाएं अवश्य मिल रही हैं, लेकिन चिंता का विषय यह है कि प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक के छात्र एक ही प्रकार के मोबाइल डिवाइस का उपयोग करने को मजबूर हैं। ऐसे डिवाइसों में हर उम्र और हर स्तर की सामग्री उपलब्ध होने के कारण बच्चे अनजाने में आपत्तिजनक, भ्रामक एवं अशोभनीय कंटेंट तक पहुंच जाते हैं, जिसका सीधा प्रभाव उनके मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास पर पड़ रहा है। समाजसेवी शाक्य ने सरकार से आग्रह किया है कि शिक्षा विभाग एवं तकनीकी विशेषज्ञों के सहयोग से प्राइमरी, जूनियर, माध्यमिक एवं डिग्री स्तर के छात्रों के लिए अलग–अलग अथवा आयु–आधारित सुरक्षित डिजिटल, एआई शैक्षणिक डिवाइस विकसित किए जाएं। उन्होंने सुझाव दिया है कि इन डिवाइसों में केवल पाठ्यक्रम एवं शैक्षणिक स्तर के अनुरूप सामग्री, सुरक्षित एआई आधारित शैक्षणिक टूल्स और अध्ययन सामग्री ही उपलब्ध हो, जबकि सोशल मीडिया, अनावश्यक एप्स और आपत्तिजनक कंटेंट पर पूर्ण प्रतिबंध रहे। साथ ही अभिभावक एवं शिक्षक निगरानी प्रणाली भी अनिवार्य की जाए। प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि आज के समय में बच्चों को डिजिटल और एआई आधारित शिक्षा से पूरी तरह दूर रखना संभव नहीं है, लेकिन उन्हें असुरक्षित डिजिटल वातावरण में छोड़ देना भी उचित नहीं है। मोबाइल और एआई टूल्स का अनियंत्रित उपयोग बच्चों की एकाग्रता, व्यवहार, संस्कार और मानसिक संतुलन को प्रभावित कर रहा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे बच्चों के सिलेबस अलग–अलग होते हैं, वैसे ही उनके लिए डिवाइस और डिजिटल सुविधाएं भी अलग होनी चाहिए। यदि सरकार इस दिशा में ठोस पहल करती है तो यह बच्चों की डिजिटल सुरक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता और देश के भविष्य के लिए एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। समाजसेवी शाक्य ने आपत्तिजनक डिजिटल सामग्री पर पूर्ण रोक, एआई के सुरक्षित एवं नियंत्रित उपयोग तथा बच्चों के लिए सुरक्षित, शैक्षणिक और निगरानीयुक्त डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की है।

# विधायक ने बच्चों को बांटी गुलाल व पिचकारी

## - श्री सीताराम मंदिर ट्रस्ट ने कराया कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। श्री सीताराम मंदिर शिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर गोपालनगर में श्री सीताराम मंदिर ट्रस्ट गोपालनगर के सौजन्य से होली के शुभ अवसर पर अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने जनपद के सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी और फिर दो सैकड़ा बच्चों को रंग गुलाल एवं पिचकारी का वितरण किया। विधायक ने बताया कि होली पावन सौहार्द एवं मिलन का पर्व है। सीताराम ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष त्योहारो में कार्यक्रम किये जाते रहेंगे। पिचकारी रंग एवं गुलाल पाकर बच्चों मे गजब का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर संतोष गुप्ता ट्रस्टी, रामबाबू अग्रहरि, श्रीराम गुप्ता, राजेंद्र अवस्थी, राकेश गुप्ता, अवनीश कुमार, मोहित गुप्ता, मनीष कुमार, रोहित मोदनवाल, आशीष गुप्ता, रामेन्द्र उपस्थित रहें।



# मगफिरत का अशरा शुरू, ज्यादा से ज्यादा करें इबादत

## - रोजा न रखने वाला अक्लमंद बालिग मुसलमान गुनेहगार

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। रमजान माह का दूसरा अशरा शुरू हो गया है। दूसरे अशरे पर हाफिज अकील ने कहा कि मगफिरत वाले इस अशरे में ज्यादा से ज्यादा इबादत करके अपने परवरदिगार को याद करें क्योंकि पैगम्बरे इस्लाम ने इरशाद फरमाया कि शाबान मेरा महीना है और रमजान अल्लाह तआला का महीना है। लिहाजा जो बंदा पूरे माह के रोजे रखता है तो अल्लाह तआला उसके गुनाहों को बक्श देता है और रोजदार जन्नत (स्वर्ग) का हकदार हो जाता है। हाफिल अकील ने कहा कि जो आकिल (अक्लमंद) बालिग मुसलमान रोजा नहीं रखता वह गुनेहगार है और रमजान का रोजा एक भी जान बूझकर छोड़ता है तो वह पूरी जिन्दगी रोजा रखे तो भी छोड़े हुए एक रोजे की भरपाई नहीं कर सकता क्योंकि पैगम्बरे इस्लाम ने इरशाद फरमाया कि जो मुसलमान बगैर शरई उज्र के एक भी रोजा छोड़ता है तो वह गुनेहगार होगा लिहाजा नमाज की पाबंदी के साथ–साथ रोजे भी पाबंदी से रखें क्योंकि इस माह में अल्लाह के नजदीक रोजे से बढ़कर कोई इबादत नहीं है। रमजान माह में जन्नत यानी (स्वर्ग) के दरवाजे अल्लाह के बंदों के लिए खोल दिये जाते हैं। कहा कि मालदारों को चाहिए कि वह बेवा, गरीब, यतीम, मिस्कीन जो अपने बच्चों के खाने–पीने का अच्छा इंतजाम नहीं कर सकते उन पर खुसूसी तवज्जो दें। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से अपील किया कि आने वाले सभी त्योहारों को मिलजुल कर मनाएं और समाज मे अमनो शांति का पैगाम दें।

# दिव्य महाआरती में लगे गुरुवर व मां भगवती के जयकारे

## - चार व पांच अप्रैल को भदबा में होगा अखण्ड श्री दुर्गा चालीसा पाठ

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। नषे व मांस से मुक्त चरित्रवान समाज के निर्माण हेतु निरंतर कटिबद्ध भगवती मानव संगठन व पंचज्योति षक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी चच्चिदानन्द सदगुरूदेव परंमहंस योगीराज श्री षक्तिपुत्र महाराज के पूर्ण आषीर्वाद स्वरूप हर माह की भांति इस माह के प्रथम रविवार को गुरूवर की दिव्य जन्मस्थली भद्रवास भदबा में दिव्य महाआरती कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ गुरूवर के दिव्य जयकारों व भगवती मां के दिव्य जयकारों से किया गया। नित्य साधनाक्रमानुसार साधना सम्पन्न कर साधनात्मक क्रम का समापन किया गया। समापन बेला पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष राजेष त्रिपाठी ने अवगत कराया गया चार–पांच अप्रैल को गुरूवर की जन्मस्थली भदबा में षक्ति सेवा में चौबीस घण्टे का अखण्ड श्री दुर्गा चालीसा पाठ होगा। समस्त धर्मप्रेमी गुरूवर के षिश्यों व मां के भक्तों को संगठन आमंत्रित करता है। इस मौके पर अवधेष गुप्ता, अजय कुषवाहा, दीप अवस्थी, नीरज गुप्ता, राजकुमारी, गायत्री सिंह चौहान, षषीकान्ती, प्रभा श्रीवास्तव, डा0 षिवषंकर उत्तम, षम्भू दयाल गुप्ता सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।



# पुलिस परिवार के स्वास्थ्य हेतु वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन

## – रिजर्व पुलिस लाइन में निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श एवं दवा वितरण



न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) के तत्वावधान में वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वामा सारथी की अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव ने किया। यह शिविर आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर के दौरान आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यक होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही सभी लाभार्थियों को निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस परिवार के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा। शिविर में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

# परशुराम सेवा समिति ने अभिषेक को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो
इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) की एक आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में सम्पन



हुई। बैठक की अध्यक्षता परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने किया। बैठक में कस्बा निवासी प्रमुख व्यवसायी सुशील कुमार शुक्ला (किसान खाद भंडार) के पुत्र अभिषेक शुक्ला का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तहत लेखा परीक्षक के पद पर चयन होने पर परशुराम पट्टीका, सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उत्कृष्ट शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि इकदिल के लिए यह गौरव की बात है ऐसे युवाओं का मनोबल बढ़ाकर प्रोत्साहित करना समिति का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में होली मिलन कार्यक्रम 8 मार्च दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से श्री एसआरएलटी कालेज इकदिल के सभागार में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ परशुराम जन्मोत्सव 20 अप्रैल को प्रकश कोल्ड स्टोरेज इकदिल में मनाये जाने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया। औरैया में रक्तदान आयोजित करने पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर संरक्षक हरि प्रकाश चौधरी, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपालजी मिश्रा, सदस्य रवि शंकर चौधरी, जिला महामंत्री राज तिवारी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।






# इलाज कराने जा रही अधेड़ महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

जहानाबाद, फतेहपुर। कस्बे में काफी समय से बीमार चल रही 50 वर्षीय महिला को इलाज के लिए निजी हास्पिटल ले गये जहां इलाज से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं मृतका के पुत्र ने चिकित्सक पर लापरवाही का अरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार जहानाबाद थाना क्षेत्र के गाँव गढ़ी जार निवासी सुखराम की पत्नी चुनकी देवी जो पिछले कुछ वर्षो से बीमार चल रही थी। बताते है कि उसके टीबी हो गयी थी। उसका इलाज किया जा रहा था शनिवार की दोपहर हालत बिगडने पर घर वाले उसे इलाज के लिए जहानाबाद कस्बा के सेवा सदन हास्पिटल ले गये। जहां गेट के अन्दर पहुंचने से पहले ही चिकित्सक ने इलाज करने से मना कर दिया और वापस ले जाने के लिए कहा इसी दौरान महिला ने गेट में पर ही दम तोड़ दिया। वहीं साथ में इलाज कराने गये पुत्र ने चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरेप लगाया। बताया कि इन्जेक्शन लगते ही उसकी मां की हालत बिगड़ गयी और कुछ देर बाद उसकी मां ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# मृतक बीएलओ के परिजनों से मिले कांग्रेसी

## - श्मशान घाट पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। बिंदकी तहसील के ग्राम आलियाबाद निवासी शिक्षामित्र अखिलेश सविता द्वारा आत्महत्या कर लेने की जानकारी होते ही आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी के साथ वरिष्ठ कांग्रेसियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की एवं श्मशान घाट पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। मृतक के चाचा रामरूप व भाई भूपेश ने बताया कि एसआईआर कार्य में लगे मृतक अखिलेश की पुत्री का विवाह आगामी आठ मार्च को है जिसके कारण मृतक छुट्टी का आवेदन लेकर एसडीएम बिन्दकी से चार बार मुलाकात की परन्तु उसे छुट्टी की स्वी.ति नहीं दी गई। साथ ही कार्य पूर्ण करने को कहा गया जिससे मृतक मानसिक रूप से काफी परेशान था इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी बताया कि कल एक लेखपाल उससे मिलने आया था जिसके जाने के बाद मृतक अखिलेश ने आत्महत्या कर ली। घटना की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के उपरांत कांग्रेस अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि प्रशासन द्वारा उत्पीड़न किए जाने के कारण मृतक को आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ा अतः दोषितों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय साथ ही मृतक की पत्नी को मृतक के स्थान पर शिक्षामित्र की ही नौकरी दी जाए व मुआवजे की पूरी राशि अविलंब प्रदान की जाए ताकि परिवार का भरण पोषण सुचारू रूप से चल सके। इन सभी मांगों के साथ परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उनकी मांगों को पूरी कराने हेतु हर समय साथ खड़े रहने का आष्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा, उपाध्यक्ष शेख एजाज अहमद, पूर्व अध्यक्ष पप्पू पाल, एआईसीसी राजीव लोचन निषाद, प्रवक्ता ई देवी प्रकाश दुबे, राम नरेश महराज, ओम प्रकाश कोरी भी मौजूद रहे।

# ड्रोन करेगा आसमान से निगरानी, सड़क पर पुलिस का पहरा

## – मिश्रित आबादी वाले सौ से अधिक स्थानों को किया चिंहित

## – क्यूआरटी, मोबाइल वैन व बाइकों से पुलिस जवान करेगें गश्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होली पर पुलिस की ओर से तैयारी पुख्ता कर ली गई है। पर्व पर ला एंड आर्डर बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। एसपी ने सभी थानेदारों को इसके लिए निर्देशित कर दिया है। पूरे जिले में सौ से अधिक मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र चिंहित किये गए हैं। यहां आसमान से ड्रोन निगरानी करेगा और सड़कों पर पुलिस का पहरा होगा। थाना पुलिस सहित इसके लिये एक हजार से अधिक जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में 2573 स्थानों पर होलिका दहन होगा। सभी स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी रहेगी। रंगों की होली के दिन मुख्य मार्गों के साथ गली–मोहल्लों में भी पेट्रोलिंग होगी। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। 20 क्यूआरटी, 50 कोबरा बाइक से पुलिस जवान गश्त करते रहेगें। मिश्रित आबादी वाले 108 क्षेत्रों में से 57 क्षेत्र ऐसे हैं जहां विशेष निगरानी की जाएगी। यहां विवाद की आशंका जताई गई है। इसके लिये पुलिस ने पहले से क्षेत्रवार बैठक कर लोगों को सख्त हिदायत दे दी है।

*इनसेट–*

### गाड़ियों में रहेगा डंडा, बॉडी प्रोटेक्टर

बीते दिनों एडीजी और आईजी ने एसपी सहित अधिकारियों से ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि हर क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति दिखाई देनी चाहिए। किसी भी सड़क पर यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। बड़े स्पीकर लगाकर रास्ता रोकने की अनुमति नहीं होगी। सभी मार्गों पर यातायात सामान्य रहेगा। किसी भी विवाद की सूचना पर थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचेंगे। प्रत्येक थाना प्रभारी अपने वाहन में डंडा, बॉडी प्रोटेक्टर और टियर गैस रखेंगे। मुख्यालय में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। पूर्व में विवादित रहे स्थानों का पहले निरीक्षण किया जाएगा। वहां लोगों से संवाद कर शांति बनाए रखने का आग्रह किया जाएगा।

*इनसेट–*

### फर्जी सूचना देने वालों पर कार्रवाई

पुलिस ने लोगों से फर्जी सूचना न देने की अपील की है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। होली के मौके पर अक्सर देखा गया है कि लोग अनावश्यक रुप से फर्जी सूचनाएं दे देते हैं। पुलिस के अनुसार होली के मौके पर पिछले साल करीब आधा सैकड़ा फर्जी सूचनाएं मिली थीं। इस बार ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। सर्विलांस से पहचान कर सिम कार्ड ब्लॉक कराया जाएगा।

*इनसेट–*

### ला एंड आर्डर बिगाडने वालों पर होगी कार्रवाई

एएसपी महेन्द्र पाल सिंह ने बतया कि होली को लेकर पुलिस की तैयारी पूरी है। ला एंड आर्डर बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। जिले में पर्याप्त पुलिस फोर्स है। होली को लेकर ड्यूटियां लगाई जा रही हैं। अधिकारी लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं। लोगों से संवाद किया जा रहा है। त्योहार शांतिपर्वूक संपन्न होगा।

# विद्यालयों को प्रदान किया जायेगा हरसंभव सहयोग : शशि

## -विद्यालय में किए जा रहे कार्यो की सकारात्मक समीक्षा के लिए हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन एसएसडी डिग्री कॉलेज मौहर में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख शशि रमनजीत सिंह व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मलवां खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार उपस्थित रहे। सर्वप्रथम ब्लॉक प्रमुख द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राथमिक विद्यालय मौहार के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा विद्यालय में किए जा रहे कार्यों की सकारात्मक समीक्षा करना है। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा ब्लॉक प्रमुख को विद्यालय में सरकार द्वारा प्रदान की जा रही डीबीटी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने




ग्राम प्रधानों से विद्यालय में आधार विहीन बच्चों के आधार बनवाने में मदद करने के लिए भी आग्रह किया गया। जिससे उन बच्चों को भी डीबीटी का लाभ दिया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष छात्र नामांकन का आंकडा लगभग सभी के प्रयास से पूरा किया जा सका। ब्लॉक प्रमुख ने अपील करते हुए कहा कि समस्त ग्राम प्रधान एवं अध्यापक अपनी जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से निभाने का प्रयास करें। उन्होंने सभी को यह भी आश्वस्त कराया कि उनके द्वारा विद्यालय स्तर पर हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विवेक गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक नीलम भदौरिया, लतापूरी गोस्वामी, लीन साहू, पूर्ति भदौरिया, शुषमा शुक्ला, राजेन्द्र कुमार सैनी, जय प्रकाश यादव, संदीप सचान, विनय प्रताप सिंह, विद्या देवी यूपीएस गुनीर, माया देवी कम्पोजिट चक्की, नीता साहू यूपीएस मलवा प्रथम, मीना श्रीवास्तव कम्पोजिट करनपुर, शैलेन्द्र अवस्थी पीएस सुमेरपुर, मृत्युंजय अवस्थी यूपीएस शिवराजपुर, अनीता कम्पोजिट सिकरोड़ी आदि शिक्षक व प्रधान मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक व नगर पालिका मिलकर स्वच्छता का करेंगे कार्य

## - पूर्व सैनिक उत्थान समिति की बैठक में मनाया होली मिलन समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक व होली मिलन कार्यक्रम षादीपुर स्थित एक कोचिंग सेक्टर में सूबेदार मेजर बीबी तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पूर्व सैनिकों व उनके परिवारीजनों को नगर पालिका के डीपीएम संजय कुमार ने बताया कि घर–घर कूड़ा उठाने की योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए वह पूर्व सैनिकों व महिला संगठन से कुछ जागरूक लोगों का सहयोग लेकर उनको स्वच्छता पहरी बनाया जाएगा। जिससे शहर को कचरे से मुक्त कराया जा सके। नगर पालिका के सफाई इंस्पेक्टर ने भी स्वच्छता के प्रति पूर्व सैनिकों को जागरूक किया। इसके हेतु अधिशासी अभियंता नगर पालिका के नेतृत्व में अतिशीघ्र एक बैठक करके पूर्व सैनिक व नगर पालिका मिलकर एक परिवार की तरह शहर की स्वच्छता में कार्य करेंगे। इस अवसर पर सूबेदार मेजर बाल.ष्ण अवस्थी एडवोकेट को संगठन का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके पश्चात पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवार ने एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर गुलाब के फूलों से एक दूसरे पर पुष्प वर्षा करके होली का आनंद लिया। अध्यक्ष



विद्याभूषण तिवारी ने सभी पूर्व सैनिकों को आगाह किया कि होली के पर्व पर न तो वह किसी शराब का सेवन करेंगे और न ही अगल–बगल के लोगों को करने देंगे। इस अवसर पर प्रेम सागर शुक्ला, भरोसा प्रसाद अग्निहोत्री, राजकुमार तिवारी, राजेश शुक्ला, देवेंद्र कुमार शुक्ला, विनोद मिश्रा, हीरालाल यादव, सतीश शर्मा, समाजसेविका रंजना कक्कड़, सुमन मौर्य, महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी, सरोज शर्मा, मीरा मिश्रा, राम सिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर लगा विज्ञान मेला

## - छात्र-छात्राओं ने नवीन व आकर्षक वैज्ञानिक मॉडलों का किया प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के पावन अवसर पर एमएस इंस्टीट्यूट स्कूल सहिली ने विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ मार्गदर्शक जसवंत व विद्यालय स्टाफ ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रभानु यादव की उपस्थिति रही। श्री यादव ने आधुनिक शिक्षा के जनक ज्योतिबा राव फुले, सावित्रीबाई फुले व फातिमा शेख की तस्वीर देकर स्टाफ को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजबहादुर सिंह, रामबरन रावत, रामकुमार गौतम उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विज्ञान को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। साथ ही बृजरानी पटेल विद्यालय के संचालक बृजेन्द्र पटेल की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। छात्र–छात्राओं ने विज्ञान मेले में नवीन एवं आकर्षक वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, डिजिटल तकनीक एवं आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से जुड़े मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रबंधक जियालाल भारती, संचालक जसवंत लाल भारती, प्रधानाचार्य एसके निगम ने अपने संबोधन में कहा कि



विज्ञान मेला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक .ष्टिकोण विकसित कर उन्हें आधुनिक युग में सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। यह आयोजन शिक्षा, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में विद्यालय की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण रहा।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के बीच बांटी होली की खुशियां

## - भोजन जन सेवा समिति के कार्यो को सभी ने सराहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होली का पर्व जहां चारों ओर रंग, उमंग और उल्लास



लेकर आता है वहीं वृद्धाश्रम में रह रहे कई बुजुर्गों के जीवन में यह दिन अक्सर अपनों की याद और एकांत का दर्द भी साथ लाता है। जिन हाथों ने कभी अपने परिवार को खुशियों से सजाया, आज वही हाथ अपनों के स्नेहिल स्पर्श की प्रतीक्षा करते दिखाई देते हैं। त्योहारों के अवसर पर यह अकेलापन उनके मन को और अधिक व्यथित कर देता है। ऐसे संवेदनशील समय में रविवार को विगत वर्षों की भांति होलिकोत्सव पर्व के पूर्व भोजन जन सेवा समिति के सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुँचकर बुजुर्गों के साथ होली मनाई। सभी बुजुर्गों को हैप्पी होली की टोपी लगाई गुलाल लगाकर, होली गीत गाकर, गुजिया, पापड़ और मिठाई वितरित कर उनके जीवन में खुशी के रंग भरने का प्रयास किया। जब बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लौटी और उनकी आँखों में अपनत्व के आँसू छलके, तो वातावरण भावुक हो उठा तत्पश्चात सभी बुजुर्ग व समिति सदस्य होली गीतों पर जमकर थिरके। समिति के संस्थापक कुमार शेखर ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवन में सम्मान, समय और स्नेह के रंग भरना ही सच्चे अर्थों में होली मनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी बुजुर्गों के साथ हर सुख–दुख में खड़े रहेंगे। इस अवसर पर समिति के नरेश गुप्ता, मनीष केसरवानी, रीता सिंह तोमर, साधना चौरसिया, शिवांशु चौरसिया, अंकिता सिंह, नरेश अग्रहरि, राकेश गुप्ता, रामेन्द्र सिंह, आशीष मिश्रा, सुरेश, बल्लू बाबू श्रीवास्तव आदि रहे।

# बेटी के जन्म पर सम्मान समारोह, अनूठी पहल बनी चर्चा का विषय

न्यूज वाणी ब्यूरो

धाता (फतेहपुर)। क्षेत्र के कल्यानपुर कचरौली गांव में बेटी के जन्म पर एक अनूठी पहल ने पूरे इलाके में सकारात्मक संदेश दिया है। गांव के अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य मान सिंह ने अपनी नातिन के जन्म की खुशी में रविवार को भव्य सम्मान समारोह और भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर न सिर्फ परंपरागत भोज कराया गया, बल्कि गांव व आसपास के क्षेत्र के बुजुर्गों, शिक्षकों, अवकाश प्राप्त कर्मचारियों और विभिन्न वर्गों के लोगों को फूल–माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में रामानंद सिंह, चंदन सिंह, संगम लाल, सूर्य भान सिंह, ज्ञान सिंह, राम सिंह, कोदी लाल, महेश सिंह, कामता प्रसाद शुक्ल, बेदनारायण सिंह, बिपिन सहित अनेक गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र व छड़ी देकर सम्मानित किया गया।



इसके अलावा बाबूलाल, कोदी लाल, कामता, कमल सिंह समेत लगभग एक सैकड़ा लोगों को भी अंगवस्त्र भेंट कर आदर प्रकट किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आज भी समाज के कई हिस्सों में बेटी के जन्म को लेकर संकीर्ण सोच देखने को मिलती है, ऐसे में मान सिंह द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाते हुए समाज के बुजुर्गों और सम्मानित नागरिकों का आदर करना एक नई मिसाल है। आयोजक मान सिंह ने कहा कि बालिका जन्म ईश्वर का आशीर्वाद है। समाज में नारी शक्ति का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि बेटी के जन्म पर खुशी मनाने के साथ यदि हम अपने बुजुर्गों और शिक्षकों का सम्मान करें तो इससे सामाजिक समरसता और पारिवारिक संस्कार मजबूत होते हैं। गांव में पूरे दिन उत्सव जैसा माहौल रहा। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलेगा और अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।

# इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात–
बारहवें रोजे का इफ्तार 6.09 व तेरहवें रोजे की सहरी 5.06 मिनट पर करे।
शिया हजरात– बारहवें रोजे का इफ्तार 6.19 व तेरहवें रोजे की सहरी 4.56 मिनट पर करे।

# तालाबों को मिलेगा नया जीवन, कचरा मुक्त कर बनाए जाएंगे मॉडल

## - सौ तालाबों को मॉडल बनाने के प्रथम चरण में 13 चिंहित

## - जलस्तर में सुधार के साथ ग्रे-वश्वटर प्रबंधन भी होगा मजबूत

अभिनन्दन मोर्चा

फतेहपुर। जलकुंभी, गंदगी से पटे तालाब अस्तित्व खोने की कगार पर खड़े है, जिन्हे नया जीवन देने की कवायद शुरु हो गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सौ तालबों को प्लास्टिक मुक्त कर मॉडल के रुप में विकसित करने की तैयारी चल रही है। नालियों से जुड़े तालाबों को चिंहित करके जलस्तर बढ़ाने और ग्रे वाटर प्रबंधन मजबूत होगा। प्रथम चरण में बड़ी पंचायतों के तालाब चयनित कर शासन को भेजा जा चुका है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घरों से निकलने वाला दूषित पानी, प्लास्टिक तालाबों में पहुंचने से दूषित होता है। कूड़ा कचरा से बायोकेमिकल आक्सीजन डिमांड व कैमिकल आक्सीजन डिमांड अधिक हो गई है। इसी से तालाबों का अस्तित्व खतरे में है और जलीय जीवन भी समाप्त होता जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रे–वाटर व प्लास्टिक प्रबंधन को लेकर माडल तालाब विकास की कवायद शुरु हुई है। नाले नालियों से जुड़े तालाबों वाली सौ ग्राम पंचायतों का चयन किया जाना है। इस योजना के प्रथम चरण में पांच हजार की आबादी वाली पंचायतों को शामिल करते हुए प्रत्येक ब्लॉक से एक तालाब को लिया जाएगा। जहां पर कार्य के बजट के लिए तालाबों का डीपीआर एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा जा रहा है।

*इनसेट–*

### पिकनिक स्पॉट के रुप में होंगे विकसित

मॉडल तालाबों को पिकनिक स्पॉट के रुप में विकसित कराने के लिए पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। तालाब को स्वच्छ बनाए रखने को मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी के स्लोगन, बाउंड्री के साथ गेट लगवाया जाएगा। झूले समेत अन्य व्यवस्थाएं कराते हुए सफाई के लिए कर्मी की तैनाती होगी।

*इनसेट–*

### तालाबों में गिराया जाएगा फिल्टर पानी

तालाबों में गिरने वाली नालियों के गंदे पानी के प्रबंधन के लिए फिल्टर चौंबर, वेस्ट स्टेबलाइजेशन पांड से पूर्व जाली के माध्यम से ठोस कचरा अलग कर लिया जाएगा। जिससे फिल्टर होकर साफ पानी तालाबों में पहुंचाया जाएगा। वहीं एकत्रित कचरा पंचायत के सफाई कर्मी द्वारा आरआरसी सेंटर भेजा जाएगा।

*इनसेट–*

### जल्द काम होगा शुरु

इस मामले पर डीपीआरओ रमाषंकर वर्मा ने बताया कि तालाबों को बचाने व जलस्तर बढ़ाने के लिए तैयार योजना के तहत तालाबों का चयन पूरा कर लिया है। तालाबों में कायाकल्प के लिए डीपीआर बनाया जा रहा है। बहुत जल्द काम शुरू हो जाएगा।

# 13-14 मार्च को होगा श्री रघुवर की लीला धनुष यज्ञ

## – हिंदू महासभा ने बैठक कर कार्यकर्ताओं को बांटी जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई की मासिक बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं के साथ–साथ संगठन मजबूती व संगठन द्वारा आयोजित आगामी 13 व 14 मार्च को होने वाले श्री रघुवर की लीला



धनुष यज्ञ आयोजन हेतु सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी बांटी गई। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि रामलीला की आयोजन हेतु घर–घर आमंत्रण पत्र पहुंचाये जा रहे हैं। 13 मार्च को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम तथा शेषा अवतार लक्ष्मण जी की शोभायात्रा श्री हनुमान मंदिर पटेल नगर चौराहा से तांबेष्वर मंदिर जाएगी। भगवान श्री राम जी के द्वारा मंदिर में जलाभिषेक करके स्तुति की जाएगी। भगवान श्री राम और लक्ष्मण बग्गी में सवार होकर तांबेष्वर मंदिर पहुंचेंगे। 14 मार्च को जनपद के वरिष्ठ रामलीला अभिनेताओं तथा वरिष्ठजनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के पश्चात लीला प्रारंभ होगी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी रामआसरे आर्य, गोरे तिवारी, शिवाकांत तिवारी संतोष नेता, राज शर्मा, धनंजय पांडेय, ओमप्रकाश मौर्य, करण सिंह पटेल, रंजना सिंह, नीलम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )